बी.ए.पी.सी.एच.

मनोविज्ञान

सत्रीय कार्य
जनवरी 2020

बी.पी.सी.सी. 102 : जैव मनोविज्ञान

इग्नू
जन-जन का विश्वविद्यालय

मनोविज्ञान संकाय
सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110 068

सत्रीय कार्य
जनवरी 2020

प्रिय शिक्षार्थी,

जैसा कि हमने आपको कार्यक्रम दर्शिका में सूचित किया है कि इग्नू में मूल्यांकन दो भागों में होता हैः i) सत्रीय कार्य द्वारा सतत् मूल्यांकन, और ii) सत्रांत परीक्षा। अंतिम परीक्षा परिणाम में, सभी सत्रीय कार्यों के लिए 30 प्रतिशत अंक तथा सत्रांत परीक्षा के लिए 70 प्रतिशत अंक निर्धारित है।

बी.पी.सी.सी. 102, 6 क्रेडिट (4 क्रेडिट सिद्धांत + 2 क्रेडिट ट्यूटोरियल) का पाठ्यक्रम है। आपको **बी.पी.सी.सी. 102** के 4 क्रेडिट के लिए **सत्रीय कार्य** करने होंगे। 2 क्रेडिट की ट्यूटोरियल संबंधित गतिविधि सत्रीय कार्य के भाग ब में सम्मिलित की गई है। यह गतिविधि 2 क्रेडिट की है।

भाग अः सत्रीय कार्य-I में वर्णनात्मक श्रेणी के प्रश्न हैं। आपको इन प्रश्नों के उत्तर निबंध के समान, प्रस्तावना एवं निष्कर्ष के साथ लिखने होंगे। इनका प्रयोजन विषय से संबंधित आपकी समझ एवं जानकारी को व्यवस्थित, संगत तथा सुस्पष्ट तरीके से वर्णन करने की योग्यता को जांचना है।

सत्रीय कार्य-II में लघु श्रेणी के प्रश्न हैं। इन प्रश्नों के उत्तर के लिए आपको सर्वप्रथम तर्क और स्पष्टीकरण के संदर्भ में विषय का विश्लेषण करना होगा, जिसके उपरान्त प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त तरीके से लिखने होंगे। ये प्रश्न विषय से संबंधित अवधारणाओं व प्रक्रियाओं को स्पष्ट रूप से समझने की क्षमता का परीक्षण करने के लिए हैं।

भाग बः ट्यूटोरियल में सत्रीय कार्य के भाग ब में दी गई गतिविधि को पूरा करना होगा। इसका मूल्यांकन आपके अकादिमक परामर्शदाता करेगें। यह गतिविधि सत्रीय कार्य के अतिरिक्त की जायेगी।

सत्रीय कार्य करने से पहले, कार्यक्रम दर्शिका में दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

यह अनिवार्य है कि आप सत्रीय कार्य के सभी प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें।

आपका उत्तर किसी विशेष श्रेणी के लिए निर्धारित शब्द–सीमा की अनुमानित सीमा के भीतर होना चाहिए। याद रखिये कि इन सत्रीय प्रश्नों के उत्तर लिखने से आपके लेखन कौशल में सुधार होगा, तथा आप सत्रांत परीक्षा के लिए तैयार हो जाएंगे।

सत्र	**सत्रीय कार्य जमा करने की तिथि**	**सत्रीय कार्य जमा करने का स्थान**
जनवरी 2020	**30 सितंबर, 2020**	अपने अध्ययन केन्द्र के संयोजक को जमा करें

* आपको सारे सत्रीय कार्य निर्धारित समय सीमा के अन्दर जमा करने होंगे, जिससे आप सत्रांत पीरक्षा दे सके।

जमा कराये गये सत्रीय कार्यों की अध्ययन केन्द्र से रसीद अवश्य प्राप्त करें, तथा उसे संभाल कर रखिये। सत्रीय कार्य की एक फोटोकॉपी भी अपने पास रखें। मूल्यांकन के पश्चात, अध्ययन केन्द्र सत्रीय कार्यों को आपको लौटा देगा। पूर्ण किये हुए सत्रीय कार्य आपको प्रषित किये गये अध्ययन केन्द्र के के संचालक को ही भेजने होते हैं।

सत्रीय कार्य लिखने से पहले नीचे दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक अनुकरण करें:

1. आपके लिए नीचे दिए गये तथ्यों पर ध्यान केन्द्रित करना उपयोगी साबित होगा।

   क) **योजना :** सत्रीय कार्य को ध्यान से पढ़िए। सत्रीय कार्य के प्रश्न जिन इकाइयों पर आधारित हैं, उन्हें ध्यान से पढिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लिखने के लिए उसके बारे में महत्वपूर्ण तथ्य नोट कर लें, और फिर उन्हें तार्किक क्रम में व्यवस्थित कर लें।

   ख) **संगठन :** अपने उत्तर की कच्ची रूपरेखा बनाने से पहले कुछ बेहतर तथ्यों का चुनाव और विश्लेषण कीजिए। उत्तर की प्रस्तावना और निष्कर्ष पर विशेष ध्यान दें। उत्तर लिखने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि :

      क) आपका उत्तर तर्कसंगत और सुसंगत है;

      ख) वाक्यों और अनुच्छेदों में स्पष्ट संबंध है; तथा

ग) उत्तर आपके भाव, शैली और प्रस्तुति के आधार पर सही है।

ग) **प्रस्तुतीकरण :** जब आप अपने उत्तर से संतुष्ट हो जाएँ तो जमा कराने के लिए सत्रीय कार्यों के प्रश्नों के उत्तर की स्वच्छ प्रति तैयार करें। **उत्तर साफ–साफ और अपनी हस्तलिपि में लिखना अनिवार्य है।** जिन बिंदुओं पर आप जोर देना चाहते हो, उन्हें रेखांकित कर दें। यह अवश्य सुनिश्चित कर लें कि आपका उत्तर निर्धारित शब्द–सीमा के भीतर ही होना चाहिए।

2. अपनी प्रतिक्रिया के लिए A4 साइज पेपर का प्रयोग करें और सभी पेजों को ध्यानपूर्वक टैग करें। बायीं ओर 4 सेमी का हाशिया और दो उत्तरों के बीच कुछ जगह छोड़े। उपयुक्त जगहों पर छोड़े गये हाशिया में उपयुक्त टिप्पणी करने के लिए अवलोकनकर्ता की सुविधा होगी।

3. ***उत्तर आपकी स्वयं की लिखावट में होनी चाहिए।*** अपने उत्तरों को टाइप या प्रिंट न करें। विश्वविद्याय द्वारा भेजे गये अध्ययन सामग्री से अपने उत्तर की नकल न करें। अगर आप अध्ययन सामग्री से नकल करते हैं तो आपको शून्य अंक मिलेंगे।

4. आपको सत्रीय कार्य की एक प्रति पूर्ण किये सत्रीय कार्य के साथ इसे जमा करने से पहले संलग्न करनी होगी।

5. अगर आपने अध्ययन केन्द्र परिवर्तित के लिए निवेदन किया हुआ है, तो आपको सत्रीय कार्य, मूल अध्ययन केन्द्र में ही जमा करना चाहिए जब तक कि आपको विश्वविद्यालय द्वारा अध्ययन केन्द्र के बदलने की सूचना ना मिल जाये।

6. अगर आपको अपने सत्रीय कार्य के मूल्यांकन के पश्चात् कोई वास्तविक त्रुटि मिलती है जैसे सत्रीय कार्य का कोई हिस्सा का मूल्यांकन नहीं हुआ हो या कुल अंक जो संत्रीय कार्य पर गलत अंकित है, आदि। ऐसी त्रुटियों के सुधार के लिए और मुख्यालय में सही अंको को भेजने के लिए, अपने अध्ययन केन्द्र के संचालक से संपर्क करें।

शुभकामनाओं के साथ,

मनोविज्ञाान संकाय

सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ,

इग्नू, नई दिल्ली

बी.पी.सी.सी.-102 : जैव मनोविज्ञान
अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम कोडः **BPCC-102**
सत्रीय कार्य कोड : **बी.पी.सी.सी -102 /ए.एस.एस.टी./TMA/2020-21**
अधिकतम अंकः **100**

नोटः सभी प्रश्न अनिवार्य है।

भाग – अ

सत्रीय कार्य - I

निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्नों के उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 20 अंक नियत है। **2x20=40**

1. जैव मनोविज्ञान के स्वरूप और कार्यक्षेत्र पर चर्चा कीजिए। मस्तिष्क के अध्ययन की पद्धतियों की व्याख्या कीजिए। 20

2. प्रमुख अंतः स्रावी ग्रंथियों के स्थान और कार्यों की सचित्र व्याख्या कीजिए। 20

सत्रीय कार्य - II

निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है। 6x5=30

3. कपाल तंत्रिकायें

4. तंत्रिका कोशिका के प्रकार

5. सुषुम्ना की संरचना

6. हाइपोथैलेमस के कार्य

7. उपसहानुभूतिक तंत्रिका तंत्र के कार्य

8. आक्षेप विकार

भाग–ब

(ट्यूटोरियल)

2x15=30

नोटः निदेर्शों के अनुसार गतिविधियों को पूरा कीजिए। पहली गतिविधि में विकल्प दिया गया है। प्रत्येक गतिविधि के लिए 15 अंक नियत है।

1. द्विआमी (2–dimensional) या तीन–आयामी (3–dimensional) तंत्रिका कोशिका (न्यूरांन) मॉडल का निर्माण

अध्ययन परिचय – यह गतिविधि आपकों तंत्रिका कोशिका के भागों और संरचना को समझने में सहायता प्रदान करेगी।

अध्ययन सामग्री – गतिविधि को कक्षा में या घर पर किया जा सकता है। मॉडल को रद्दी सामान या विभिन्न सामग्रियों जैसे पुराने समाचार–पत्र, पेट, मार्कर, अनुपयोगी प्लास्टिक सामग्री, रद्दी कपड़ा, पेन आदी सामग्री की सहायता में बनाया जा सकता है। घर में उपलब्ध सामग्री का उपयोग करके, इस कार्य को रचनात्मक बनाने का प्रयास करें। यदि आप मॉडल को कक्षा की गतिविधि के रूप में बनाने की योजना करते हैं, तो लगभग दो घंटें की अवधि में बनाना होगा।

विधि – त्रिआयामी या दो आयामी मॉडल बनाने के बाद, संरचनाओं को स्पष्ट रूप से नामांकित कीजिए। मॉडल में काय (Soma), पार्श्वतंतु (Dendrites), अक्षतंतु (Axon), माइलिन (Myelin), रैनवियर के नोड (Nodes of Ranvier) आदि सम्मिलित होंगे। अन्य भाग भी चिन्हित किये जा सकते है।

मूल्याकंनः मॉडल का निर्माण करने के लिए आपको रचनात्मक होने की आवश्यकता है और इसके विवरणों को भी सटीकता के साथ चिन्हित करना चाहिए। यह मॉडल को घर पर या कक्षा में बनाया जा सकता है, लेकिन यदि घर पर मॉडल बनाते है तो आपको मॉडल को प्रस्तुति, चर्चा एवं मूल्यांकन के लिए अध्ययन केन्द्र में लेकर जाना होगा।

अथवा

दैनिक जीवन के कुछ क्षेत्रों पर विचार कीजिए जहां जैव मनोविज्ञान को प्रयुक्त किया जा सकता है।

2. शरीर पर थायराइड़ ग्रंथि से उत्पन्न हार्मोन के कार्यों का फ्लोचार्ट की सहायता से व्याख्या कीजिए।